# न्यायालय उपखण्ड अधिकारी बिजौलियाँ जिला भीलवाड़ा (राज0)

**पीठासीन अधिकारी : – श्री अजीत सिंह राठौड़ (RAS) उपखण्ड अधिकारी**

**प्रार्थनापत्र संख्या :– 84 / 2025** **दायर तारीख 09.04.2025**

**अनवान**

अशोक पिता लादुलाल जाति गुर्जर उम्र बालिग पेशा खेती निवासी बांका तहसील बिजौलिया जिला भीलवाडा (राज0)।

............प्रार्थी

**बनाम**

राजस्थान सरकार भूमिधारी जरिये तहसीलदार बिजौलियां तहसील बिजौलियां जिला भीलवाड़ा (राज0)।

............ विपक्षी

**उपस्थित** :– श्री सुमित जोशी – अधिवक्ता प्रार्थी।

## प्रार्थनापत्र अन्तर्गत धारा 136 राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम

## –: निर्णय :–

दिनांक : 16 /07/ 2025

प्रार्थनापत्र के संक्षेप में तथ्य इस प्रकार है कि प्रार्थी ने जरिये अधिवक्ता एक प्रार्थना पत्र अन्तर्गत **धारा 136 राजस्थान भू राजस्व अधिनियम** के तहत प्रस्तुत कर निवेदन किया की मौजा ग्राम बांका पटवार हल्का भोपतपुरा की सरहद में वर्तमान खाता संख्या 23 पर अंकित आराजी संख्या 234 रकबा 1.7078 हैक्टेयर किस्म चाही चतुर्थ बंजड नहरी, आराजी संख्या 298 रकबा 0.4856 हैक्टेयर किस्म चाही तृतीय, आराजी संख्या 300 रकबा 0.8498 हैक्टेयर किस्म चाही तृतीय, आराजी संख्या 304 रकबा 0.2104 हैक्टेयर किस्म चाही तृतीय, आराजी संख्या 305 रकबा 0.5180 हैक्टेयर किस्म चाही तृतीय, आराजी संख्या 307/1 रकबा 0.8984 हैक्टेयर किस्म बंजड़ कुल किता 6 रकबा 4.6700 हैक्टेयर भूमि राजस्व रेकॉर्ड में प्रार्थी के नाम पर शामलाती में दर्ज रेकॉर्ड हैं। जिसमें प्रार्थी का नाम नेवराज पुत्र लादु जाति गुर्जर के बजाय अशोक पिता लादुलाल जाति गुर्जर के नाम पर दर्ज करवाना हैं।

लगातार पेज संख्या 02 पर

न्यायालय उप खण्ड अधिकारी बिजौलियाँ जिला–भीलवाड़ा

उप खण्ड अधिकारी
बिजौलियाँ जिला-भीलवाड़ा

उक्त वर्णित आराजीयात प्रार्थी की पुश्तैनी हैं प्रार्थी के पिता की मृत्यु के उपरान्त विरासत से नामान्तरण खोलते समय मुझ प्रार्थी का नाम अशोक पुत्र लादुलाल जाति गुर्जर के स्थान पर नेवराज पुत्र लादु गुर्जर अंकित कर दिया गया था। नामान्तरण की सत्यप्रतिलिपी दस्तावेज के साथ प्रस्तुत की हैं।

अतः प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर मौजा ग्राम बांका पटवार हल्का भोपतपुरा की सरहद में वर्तमान खाता संख्या 23 पर अंकित आराजी संख्या 234 रकबा 1.7078 हैक्टेयर किस्म चाही चतुर्थ बंजड नहरी, आराजी संख्या 298 रकबा 0.4856 हैक्टेयर किस्म चाही तृतीय, आराजी संख्या 300 रकबा 0.8498 हैक्टेयर किस्म चाही तृतीय, आराजी संख्या 304 रकबा 0.2104 हैक्टेयर किस्म चाही तृतीय, आराजी संख्या 305 रकबा 0.5180 हैक्टेयर किस्म चाही तृतीय, आराजी संख्या 307/1 रकबा 0.8984 हैक्टेयर किस्म बंजड़ कुल किता 6 रकबा 4.6700 हैक्टेयर भूमि में प्रार्थी का नाम नेवराज पुत्र लादु गुर्जर के स्थान पर अशोक पुत्र लादुलाल गुर्जर राजस्व रेकॉर्ड में दर्ज किये जाने का आदेश दिलाना फरमावें।

प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर करवाया जाकर विपक्षी की तलबी जरिये नोटिस मय नकल प्रार्थना भेज करवायी गई।

प्रकरण में तहसीलदार बिजौलियां से रिपोर्ट ली गयी।

तहसीलदार बिजौलियां ने पत्रांक/राजस्व/2025/1052 दिनांक 26.06.2025 की रिपोर्ट में अंकित किया कि ग्राम बांका में स्थित भूमि की खाता संख्या 23 खसरा संख्या 234, 298, 300, 304, 305, 307/1 कुल किता 6 रकबा 4.6700 हैक्टेयर भूमि प्रार्थी अशोक पुत्र लादु की नेवराज पुत्र लादु गुर्जर के नाम से खातेदारी हक से दर्ज हैं जिसमें प्रार्थी का हिस्सा 2/15 दर्ज है। उपस्थित मौतविरान से जानकारी करने पर बताया गया कि प्रार्थी को अशोक व नेवराज नाम से जाना जाता हैं। ग्राम में व घर में बोलता नाम नेवराज है जबकि सभी पहचान के अन्य दस्तावेजों में नाम अशोक पुत्र लादू लाल गुर्जर है। प्रार्थी अपना नाम राजस्व रेकॉर्ड में नेवराज के स्थान पर अशोक दर्ज कराना चाहता है मौतविरान ने बताये अनुसार नेवराज पुत्र लादू एवं अशोक पुत्र लादू एक ही व्यक्ति है एवं गांव में इन नामों से मिलता नाम वाला कोई अन्य व्यक्ति नहीं हैं। रिपोर्ट मौका पर्चा एवं जमाबन्दी की नकल संलग्न की हैं।

लगातार पेज संख्या 03 पर

न्यायालय उप खण्ड अधिकारी बिजौलियाँ जिला-भीलवाड़ा

उप खण्ड अधिकारी
बिजौलियाँ जिला-भीलवाड़ा

प्रार्थी ने अपने प्रार्थना पत्र के साथ मौजा ग्राम बांका पटवार हल्का भोपतपुरा की नकल जमाबन्दी संवत 2076–2079, आधार कार्ड की प्रति, राशनकार्ड की प्रति, जनआधार कार्ड की प्रति, ग्राम पंचायत भोपतपुरा के प्रमाण पत्र की प्रति संलग्न की हैं।

अधिवक्ता प्रार्थी की एक पक्षीय बहस सुनी गई हमने पत्रावली का अवलोकन किया। बहस के दौरान अधिवक्ता प्रार्थी द्वारा दस्तावेजात के आधार पर **प्रार्थी का नाम** नेवराज पुत्र लादु गुर्जर **के स्थान पर अशोक पुत्र लादुलाल गुर्जर** राजस्व रेकॉर्ड में दर्ज कराना चाहा हैं।

अतः तहसीलदार बिजौलियां की रिपोर्ट, मौजा ग्राम बांका पटवार हल्का भोपतपुरा की नकल जमाबन्दी संवत 2076–2079, आधार कार्ड की प्रति, राशनकार्ड की प्रति, जनआधार कार्ड की प्रति, ग्राम पंचायत भोपतपुरा के प्रमाण पत्र की प्रति के आधार पर **प्रार्थी का नाम** नेवराज पुत्र लादु गुर्जर **के स्थान पर अशोक पुत्र लादुलाल गुर्जर** राजस्व रेकॉर्ड में दर्ज किया जाना उचित हैं।

## –: आदेश :–

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत **धारा 136 राजस्थान भू राजस्व** अधिनि**यम** स्वीकार किया जाकर मौजा ग्राम बांका पटवार हल्का भोपतपुरा की सरहद में वर्तमान खाता संख्या 23 पर अंकित आराजी संख्या 234 रकबा 1.7078 हैक्टेयर किस्म चाही चतुर्थ बंजड नहरी, आराजी संख्या 298 रकबा 0.4856 हैक्टेयर किस्म चाही तृतीय, आराजी संख्या 300 रकबा 0.8498 हैक्टेयर किस्म चाही तृतीय, आराजी संख्या 304 रकबा 0.2104 हैक्टेयर किस्म चाही तृतीय, आराजी संख्या 305 रकबा 0.5180 हैक्टेयर किस्म चाही तृतीय, आराजी संख्या 307/1 रकबा 0.8984 हैक्टेयर किस्म बंजड़ कुल किता 6 रकबा 4.6700 हैक्टेयर भूमि में **प्रार्थी का नाम** नेवराज पुत्र लादु गुर्जर **के स्थान पर अशोक पुत्र लादुलाल गुर्जर** राजस्व रेकॉर्ड में दर्ज किये जाने का आदेश दिया जाता हैं।

आदे"। आज दिनांक 16 / 07/2025 को लिखवाया जाकर खुले न्यायालय में सुनाया गया।

न्यायालय उप खण्ड अधिकारी
बिजौलियाँ जिला–भीलवाड़ा

**(अजीत सिंह राठौड़)**
**उपखण्ड अधिकारी**
**बिजौलियां**